आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email-md@idabihar.com , Web-www.idabihar.com, Phone/Fax: 0612-2675933,2675935/2675934

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 76/TEN/IDA/22

निम्नलिखित कार्यो के लिए समुचित श्रेणी में केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/उपक्रम/बोर्ड/निगम में निबंधित अथवा ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय स्तर के एजेंसी से प्रतिशत/मदवार निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र० सं०	कार्य का नाम	कुल प्राक्कलित राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (2%) (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Renovation and Interior Work of Kitchen and Dining Hall at BIADA, Udyog Bhawan, Patna	14,81,305.00	30,000.00	2,500.00	15 दिन

निविदा समय–सारणी (Tender Schedule)

1.	विज्ञापनदाता का नाम	:–	कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0), आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार,, प्रथम तल, उद्योग भवन, गांधी मैदान के पूरब, पटना–4
2.	निविदा कागजात बिक्री की तिथि एवं समय	:–	दि0–**25.10.2022** अपराह्न **3.00** बजे तक।
3.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	:–	दि0–**02.11.2022** को अपराह्न **3:00** बजे तक
4.	तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय	:–	दि0–**02.11.2022** को अपराह्न **4:00** बजे
5.	निविदा कागजात के परिमाण विपत्र की बिक्री एवं निविदा प्राप्ति का स्थान	:–	आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार,, प्रथम तल, उद्योग भवन, गांधी मैदान के पूरब, पटना–4

<u>नियम एवं शर्तें</u>

1. निविदादाताओं को निविदा के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करना अनिवार्य है :–

क– समुचित श्रेणी में अद्यतन निबंधन प्रमाण पत्र अनिवार्य है, साथ ही कार्य आवंटन के उपरांत आई0डी0ए0, पटना में समुचित श्रेणी में निबंधन कराना अनिवार्य है।

ख– आयकर पैन कार्ड ।

ग– जी0 एस0 टी0 निबंधन प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

घ– अग्रधन की वांछित राशि आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना के नाम से विधिवत निम्न रूप में प्रतिज्ञप्ति होना चाहियेः–

i– पोस्ट–ऑफिस राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र 8वॉं, बिहार राज्य के डाकघर से निर्गत।

ii– पोस्ट ऑफिस किसान विकास पत्र।

iii– पोस्ट ऑफिस 5 वर्षीय सावधि जमा।

iv– किसी भी राष्ट्रीयकृत (scheduled) बैंक द्वारा बैंक एफ0डी0 "Infrastructure Development Authority, Patna" के नाम से निर्गत होना चाहिये।

v– किसी भी राष्ट्रीयकृत (scheduled) बैंक द्वारा बैंक डी0डी0 "Infrastructure Development Authority, Patna" के नाम से निर्गत होना चाहिये।

ड. अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र।

च – परिमाण विपत्र के उपर्युक्त कॉलम में निविदादाता के द्वारा निवेदित दर जो अंको एवं अक्षरों में साफ–साफ अंकित हो।

2. परिमाण विपत्र के Non-Schedule item के उपर्युक्त कॉलम में निविदादाता के द्वारा मदवार निविदेदित दर जो अंकों एवं अक्षरों में साफ–साफ अंकित होना चाहिए।
3. परिमाण विपत्र के Schedule item के उपर्युक्त कॉलम में निविदादाता के द्वारा परिमाण विपत्र की कुल राशि का (% से अधिक/कम) अंकों एवं अक्षरों में साफ–साफ अंकित हाना चाहिए। मुहरबंद निविदा दो लिफाफा पद्धति के आधार पर प्राप्त की जायेगी। प्रथम लिफाफा तकनीकी बीड का होगा तथा द्वितीय लिफाफा वित्तीय बीड का होगा। अग्रधन की राशि तकनीकी बीड के लिफाफे में रखी होनी चाहिए। लिफाफे पर "तकनीकी बीड" एंव "वित्तीय बीड" स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए एवं दोनों बीड एक लिफाफे के अंदर होनी चाहिए।
4. कार्य की प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. निविदाकारों को निविदा डालने के पूर्व कार्य से तथा कार्यस्थल से भली–भांति अवगत होना होगा एवं ऐसा माना जायेगा की कार्य एवं कार्यस्थल से भली भांति अवगत होने के पश्चात दर डाला गया है।
6. कार्य की पूर्ण जानकारी के लिए **(आई0डी0ए0)** कार्यालय में किसी कार्य दिवस के कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है।
7. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
8. किसी या सभी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा एवं निविदा परिमाण विपत्र के मूल्य की राशि नहीं वापस की जायेगी।

9. निविदादाताओं को निविदा कागजात के प्रत्येक पृष्ठ पर अपना हस्ताक्षर करना होगा।

10. विशेष शर्ते निविदा अभिलेख में देखी जा सकती है।

11. निविदा कागजात Notice Board पर देखा जा सकता है निर्धारित समय के बाद निविदा अभिलेख प्राप्त होने पर बिना खोले लौटा दी जायेगी। विलंब प्राप्ति हेतू प्राधिकार जिम्मेवार नहीं होगा। संबंधित लिफाफे पर स्पष्ट रूप से **निविदा क्रम संख्या** एवं **कार्य का नाम** अंकित करना अनिवार्य होगा।

ह०/–

कार्यपालक अभियंता (पी०डी०ए०)

ज्ञापांक 3602/ TEN **05/47/PDA/IDA/22** **दिनांकः** 25/10/22

प्रतिलिपि :– 1. जनसंपर्क पदाधिकारी, आई०डी०ए०, पटना को प्राधिकार के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किये जाने हेतु प्रेषित।

2. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, आई०डी०ए०, पटना को प्राधिकार के वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाने हेतु प्रेषित।

25.10.2022

कार्यपालक अभियंता (पी०डी०ए०)